# सेंट उर्सुला गर्ल्स हायस्कूल अण्ड जुनिअर कॉलेज, नागपूर

द्वितीय सत्र परीक्षा 2019–20

विषय – हिंदी

समय – 2.00 घंटे | वर्ग – **VIII (C)** | गुण –50

---

प्र. 1 अ) निम्नलिखित परिच्छेद पढकर सूचना के अनुसार कृतियॉं कीजिए:

बंटी का विद्यालय क्या खुला, उसका बचपन लौट आया। लंबी छुट्टियों के बाद पहले दिन विद्यालय जाना कभी अच्छा नहीं लगता पर आज लग रहा है। अच्छा ही नहीं खूब अच्छा लग रहा है। सवेरे उठा तो केवल हवा में ही ताजगी नहीं थी, उसका अपना मन न जाने कैसी ताजगी से भरा-भरा थिरक रहा था।

''मम्मी, मेरे मोजे कहाँ हैं ... लो दूध लाकर रख दिया। पहले कपड़े तो पहन लूँ, देर नहीं हो जाएगी ... बैग तो ले जाना ही है, किताबें जो मिलेंगी, के शोर से तीनों कमरे गूँज रहे हैं।

बहुत दिनों से जो बच्चा घर से गायब था जैसे आज अचानक लौट आया हो। जल्दी-जल्दी तैयार होकर उसने बस्ता उठाया। बस्ता भी क्या, एक कॉपी-पेंसिल डाल ली। कौन आज पढ़ाई होनी है। बस के लिए सड़क पार करके वह कॉलेज के फाटक पर खड़ा हो गया। मम्मी उसे घर के फाटक तक छोड़कर वापस लौट रही हैं। बरामदे की सीढ़ियाँ चढ़कर मम्मी अंदर गुम हो गईं तो सामने केवल घर रह गया। छोटा-सा बंगलानुमा घर जो उसका अपना घर है, जो उसे बहुत अच्छा लगता है।

एकाएक ही खयाल आया, इसी घर में पता नहीं क्या कुछ घट गया है इन छुट्टियों में। उसने जल्दी से नजरें हटा लीं। तभी दूर से धूल उड़ाती हुई बस आती दिखाई दी। बंटी ने खट् से बस्ता उठाया और बस के रुकते ही लपककर उसमें चढ़ गया। दौड़ता हुआ टीटू चला आ रहा है, लेटलतीफ।


'बंटी, इधर आ जा, यहाँ जगह है।' जगह बहुत सारी थी पर कैलाश ने एक ओर सरककर उसके लिए खास जगह बनाई।

बंटी यार, इधर ! इधर आकर बैठ। विभु उसे अपनी ओर खींच रहा है। बंटी अपने को बड़ा महत्त्वपूर्ण महसूस करने लगा और बैठते ही उसका अपना चेहरा बच्चों के परिचित, उत्फुल्ल चेहरों के बीच मिल गया।

बस चली तो सबके बीच हँसते-बतियाते उसे ऐसा लगा जैसे सारे दिन खूब सारी पढ़ाई करके घर की ओर लौट रहा है। तभी खयाल आया- धत वह तो स्कूल जा रहा है।


1. **(आकलन)** **(2)**

**संजाल पूर्ण करीए:**




2. **(आकलन)** **(1)**

आकृति पूर्ण कीजिए:




**एक वाक्य मे उत्तर लिखिए:** **(1)**

1. किसका बचपन लौट आया था ?
2. बंटी ने बस्ते मे क्या क्या रखा ?

3. **स्वमत:**

पुस्तको मे अद्‌भुत दुनिया देखी जाती है' इस पर अपने विचार लिखिए:

4. **शब्द संपदा**

पाठ मे प्रयुक्त शब्दयुग्म ढूँढकर लिखिए:

1. ———— 2. ———————

3. —————— 4. ———————

**प्र. 1. आ. निम्नलिखित परिच्छेद पढकर सूचना के अनुसार कृतियॉ कीजिए:**

प्रस्तुत पाठ में शब्दकोश के उपयोग की जानकारी दी गई है। इसमें यह भी बताया गया है कि शब्दकोश का उपयोग करने के लिए वर्णमाला और बारहखड़ी के क्रम का ज्ञान होना आवश्यक है।

**(सलिल और नीलिमा दोनों अध्ययन करते हुए बैठे हैं। सलिल परेशान हो जाता है, बार-बार पुस्तक को उलटता-पलटता है।)**

**नीलिमा** : क्या बात है सलिल? परेशान क्यों हो?

**सलिल** : परेशानी की ही बात है। देखो, मैं इस किताब को ग्रंथालय से लाया। बड़ी ज्ञानवर्धक और मनोरंजक पुस्तक है परंतु दो शब्द ऐसे आए हैं, जिनका अर्थ ही मुझे नहीं मालूम।

**नीलिमा** : कौन-से दो शब्द?

**सलिल** : एक शब्द है 'अभियान' और एक है 'सुरसरि।'

**नीलिमा** : **(सोचते हुए)** सच बताऊँ, मैं भी इनका अर्थ नहीं जानती ।

**सलिल** : पर इनके अर्थ तो जानना जरूरी है ।

**नीलिमा** : ऐसा करते हैं कि पड़ोस में जो पत्रकार रामदास जी रहते हैं न, उनके यहाँ चलते हैं । वे जरूर हमारी सहायता करेंगे ।

**(सलिल और नीलिमा रामदास के घर पहुँचते हैं ।)**

**सलिल-नीलिमा** : नमस्ते चाचाजी ।

**रामदास** : अरे, सलिल, नीलिमा, आओ बेटे, आओ । कहो क्या बात है?

**सलिल** : **(भीतर आते हुए)** चाचा जी, हम आपको थोड़ी-सी तकलीफ देने आए हैं । बात यह है कि आज मैं एक बड़ी अच्छी पुस्तक पढ़ रहा था, उसमें कुछ शब्दों के अर्थ समझ में नहीं आ रहे हैं, इसलिए सोचा, आपसे पूछ लें ।

**रामदास** : अरे बेटे, यह तो अच्छी बात है । शब्दों के अर्थ जान लेने से भाषा संपन्न बनती है । वैसे भी कहते हैं न कि बूँद-बूँद से सागर बनता है ।

**नीलिमा** : **(सलिल से)** इन्हें वे शब्द बताओ न ।

**1. (आकलन)**

**आकृति पूर्ण कीजिएः** **(2)**

| | |
|---|---|
| सलिल और निलिमा इन शब्दो के अर्थ ढूॅट रहे है। | |
| | |

**2. निम्नलिखित के एक वाक्य मे उत्तर लिखिएः**

1) ग्रंथालय मे पुस्तक लेकर कौन आया था ?

2) सलिल ने पुस्तक की क्या विशेषता बताई ?

**2. निम्नलिखित के कारण लिखिएः** **(2)**

1. सलिल और निलिमा रामदास के पास गए –
2. वर्णमाला क्रम और बारहखडी का ज्ञान होना आवश्यक है –

**3. शब्द संपदा**

1) निम्नलिखित शब्दो के पर्यायवाची शब्द लिखिए (1)

1) आज्ञा – 2) मित्र –

**2) निम्नलिखित वाक्य शुद्ध करके लिखिएः** **(1)**

शब्दो के अर्थ जान लेने से भासा संपन्न बनती है।

**4. (स्वमत)**

बच्चे देश का भविष्य 'है' विषय पर अपने विचार लिखिएः (2)

## पद्‍य विभाग

**प्र. 2 निम्नलिखित पद्‍यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए:**

मैंने तोड़ा फूल, किसी ने कहा-
फूल की तरह जियो औ' मरो
सदा इनसान।

भूलकर वसुधा का शृंगार,
सेज पर सोया जब संसार,
दीप कुछ कहे बिना ही जला
रात भर तम पी-पीकर पला

दीप को देख, भर गए नयन
उसी क्षण
बुझा दिया जब दीप, किसी ने कहा
दीप की तरह जलो, तम तुम हरो
सदा इनसान।

**1. (आकलन)**

**कविता मे इस अर्थ मे आए शब्द लिखिए:** **(2)**

1. धरती = ☐
2. ॲंधियारा = ☐
3. दुनिया = ☐
4. आदमी = ☐

**2. निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए:** **(2)**

दीप की तरह --------- इनसान।

**3. उपर्युक्त पद्‍यांश का सरल अर्थ लिखिए:** **(2)**

## व्याकरण

**प्र. 3. सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए:**

**1. निम्नलिखित शब्द के लिंग बदलिए:** **(1)**

1) पुस्तक 2) चाची

**2. निम्नलिखित वाक्य मे संज्ञा के प्रकार पहचानिए:** **(1)**

1) पिताजी उन दिनो प्रयाग मे रहते है।
2) सबेरे – सबेरे एक साधु आ गए।

**3. निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य मे प्रयोग कीजिए:** **(1)**

1) ऑखे खुलना

**4. निम्नलिखित शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए:** **(1)**

1) जो ममता रहित हो। –
2) परस्पर संसर्ग से लगने वाला रोग –

**5. निम्नलिखित क्रिया के भेद पहचानिए:** **(1)**

1) पत्नी का दिल बाग – बाग हो गया।
2) मंजुल आम खा रहा है।

6. **निम्नलिखित वाक्य मे उचित विरामचिह्न लगाकर लिखिएः** **(1)**

1) बेटा सोनू जो उससे बिछड गया

7. **निम्नलिखित शब्दो मे प्रयुक्त उपसर्ग अलग कर लिखिएः** **(1)**

1) अन्याय 2) सुपूत्र

8. **संधि विच्छेदन कर संधि का प्रकार लिखिएः** **(1)**

1) वनौषधि 2) अनुछेद

9. **निम्नलिखित शब्दो का विग्रह कर समास का नाम लिखिएः** **(1)**

1) प्रतिदिन – 2) त्रिफला

10. **निम्नलिखित वाक्य मे कारक पहचानिएः** **(1)**

1) सुरेश ने पुस्तक पढी।

2) पिता ने पुत्र को बुलाया।

## उपयोजित लेखन

**प्र. 4.था पत्रलेखन** **(3)**

1. अपने मित्र के जन्मदिन पर उसे बधाई देते हुए पत्र लिखिएः

**अथवा**

मच्छरो के बढ़ते प्रकोप का वर्णन करते हुए नागपूर नगर पालिका को स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिएः

2. घर किराए से देना है इसके लिए विज्ञापन तैयार कीजिएः (2)

3. **निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर ऐसे तीन प्रश्न तैयार कीजिए, जिनके उत्तर परिच्छेद मे एक–एक वाक्य मे होः** **(3)**

सुंदर प्रतिभा, मनभावनी चाल और स्वच्छंद प्रकत्रति, ये कुछ ऐसे बाते है, जिन्हे देखकर मित्रता की जाती है। पर जीवन संग्राम मे साथ देनेवाले मित्रो मे इनसे कुछ अधिक बाते चाहिए। मित्र केवल उसे नही जिसके गुणो की तो हम प्रशंसा करे, पर जिससे हम स्नेह न कर सके। जिससे हम अपने छोटे छोटे काम निकालते जाएँ। पर भीतर ही भीतर घृणा करते रहे। मित्र सच्चे पथ–प्रदर्शक के समान होना चाहिए, जिस पर हमारा पूरा विश्वास कर सके। यह भाई के समान होना चाहिए, जिसे हम प्रीतिपात्र बना सके। हमारे और अपने मित्र के बीच सच्ची सहानुभूती होनी चाहिए, ऐसे सहानुभूति जिससे एक दूसरे की खोज खबर लिया करे, ऐसी सहानुभूति जिससे एक के हानि लाभ को दूसरा अपना हानि लाभ समझे। मित्रता के लिए यह आवश्यक नही है। कि दो मित्र एक ही प्रकार का कार्य करते हो या एक ही रूचि के हो। दो भिन्न प्रकृति के मनुष्यो मे भी बराबर प्रीती और मित्रता रही है।

4. **वृत्तांत लेखन** **(3)**

आदर्श विद्यालय, रायगढ़ मे आयोजित 'हिंदी दिवस समारोह' के वृत्तांत का प्रारूप तैयार कीजिए। (वृत्तांत स्थल, काल तथा घटनाक्रम का उल्लेख आवश्यक है।)

5. **निम्नलिखित मुद्दो के आधार पर 70 से 80 शब्दो मे कहानी लिखिए और उसे उचित शीर्षक दीजिएः**

एक लोभी व्यापारी –– कपडे की कई दुकाने –– एक –– आलीशान मकान –– बहुत सारी जमीन –– लेकीन हमेशा धन बढाने की धुन –– बाजार मे अशर्फियॉ देखना –– लालच मे पडना –– सब कुछ बेचकर अशर्फियॉ। खरीदना –– तहखाने मे रखना –– रोज गिनना –– कुछ दिनो बाद चिल्लाना –– ''हाय, मेरी अशर्फियॉ उतनी की उक्ती ही है, बढ़ती ही नही।''–– चोर का यह सुनना –– अशर्फियॉ चुरा लेना –– व्यापारी का पछताना।

6. **निम्नलिखित विषयो मे से किसी एक विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दो मे निबंध लिखिएः**

1) मेरा प्रिय शिक्षक

2) यदि मै डॉक्टर होता तो

***